भारत सरकार
गृह मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 3572
दिनांक 19.3.2013/28 फाल्गुन, 1934 (शक) को उत्तर के लिए

राजभाषा संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम

3572. श्री ओम प्रकाश यादव :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजभाषा विभाग द्वारा कार्यालयों में राजभाषा के प्रसार हेतु सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग और केन्द्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से प्रत्येक वर्ष अनेक निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं;

(ख) यदि हां, तो विगत दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं; और

(ग) निजी संगठनों द्वारा हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं/सेमिनारों के आयोजन पर नियंत्रण लगाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं ताकि सरकारी राजस्व व्यर्थ न हो?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री आर.पी.एन. सिंह)

(क) एवं (ख) : राजभाषा विभाग द्वारा सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग, नोएडा तथा केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा गत तीन वर्षों में आयोजित करवाए गए हिन्दी कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण संलग्न है।

(ग) : राजभाषा द्वारा किसी भी निजी संस्था के द्वारा कोई कार्यक्रम आयोजित नहीं करवाया जाता है।

*****

लो.स.अता.प्र.सं.-3572

अनुलग्नक

सी-डैक एवं केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा आयोजित करवाए गए हिन्दी कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण निम्न है :-

वर्ष	सी-डैक के माध्यम से	के.हिं.प्र.संस्थान के माध्यम से
2010-11	23	शून्य
2011-12	25	50
2012-13	शून्य	71

*****